सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 92 | इंदौर, मंगलवार 15 अक्टूबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## ट्रक की टक्कर से बच्चे के 2 टुकड़े

### पिता के साथ बाइक से जा रहा था, उछलकर दूर जा गिरा, ट्रक ने रौंद दिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सारंगपुर,(एजेंसी)। राजगढ़ जिले में सारंगपुर के पचोर में बस स्टैंड से गुजर रहे एक ट्रक ने बाइक सवार पिता-पुत्र को टक्कर मार दी। घटना में 8 साल के बच्चे दो टुकड़े हो गए।**

बच्चा पिता के साथ नाश्ता लेने आया था। बाइक से उछलकर गिरे मासूम की कमर से ट्रक का पहिया निकल गया। इससे शरीर दो हिस्सों में बंट गया। पुलिस ने फौरन बच्चे को अस्पताल पहुंचाया। वहीं, ट्रक चालक को हिरासत में लेकर ट्रक को थाने में खड़ा कराया गया है। हादसे के बाद से लोगों में भारी गुस्सा है। कुछ लोगों ने ड्राइवर की पिटाई भी की।

### बेटे को नाश्ता दिलाने ले जा रहे थे पिता

पुलिस के मुताबिक 8 साल के विधान के पिता विशाल राजौरे बस स्टैंड पर फल की दुकान लगाते हैं। सोमवार सुबह 10:30 बजे बच्चे को बाइक से लेकर नाश्ता दिलवाने के लिए आए थे। इसी दौरान मंडी की ओर से आ रहे ट्रक नंबर एमपी-09 एचएच 1385 ने बाइक को टक्कर मार दी। घटना में बाइक के साथ पिता विशाल एक तरफ गिरे तो विधान दूसरी तरफ उछलकर जा गिरा। बच्चे के गिरते ही ट्रक के पहिए बॉडी पर चढ़ गए जिससे शरीर दो हिस्सों में बंट गया।

### जिद करके पिता के साथ गया था विधान

परिजन ने बताया कि विशाल बेटे को रेस्टोरेंट से नाश्ता लाकर देने की बात कह कर निकल रहे थे, लेकिन वो नहीं माना। साथ जाने की जिद करने लगा। पिता के साथ ही उसे चाचा और मां ने भी उसे मना किया था। विधान जिद पर अड़ा रहा। इसके बाद पिता विशाल उसे रेस्टोरेंट से नाश्ता दिलाने निकले। इसी दौरान ये हादसा हो गया।

**लोगों में गुस्सा, परिजन का रो-रोकर बुरा हाल-** हादसे के बाद परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, पचोर शहर में दिन में ही बाजार में खाली हो रहे ट्रकों को लेकर लोगों में भारी गुस्सा है। फिलहाल पचोर में करणवास बोड़ा और तलेन थाने से भी पुलिस बल बुलाया गया है। थाना प्रभारी अखिलेश वर्मा ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। ट्रक भी जब्त कर लिया गया है।

# ड्यूटी लगाने पर लड़े सुरक्षाकर्मी दो हवाई फायर किए, 3 लोग घायल

### पुलिस ने 13 को आरोपी बनाया, मसाया सोलर प्लांट पर हुआ विवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा। मसाया सोलर प्लांट में सोमवार की रात ड्यूटी लगाने की बात पर सुरक्षाकर्मियों के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान दो हवाई फायर भी किए गए। लाठी-डंडे चलने से एक सुरक्षाकर्मी और उसके परिवार के दो लोग घायल हुए, जिन्हें जिला अस्पताल में एडमिट किया। घायलों ने गोली के छर्रे लगने की बात कहीं लेकिन मेडिकल जांच में इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई। पुलिस ने दोनों पक्ष के 13 लोगों को आरोपी बनाया है।**



थाना जावर टीआई जीपी वर्मा के अनुसार फूलगांव निवासी हेमराज और उसके रिश्तेदार अजय और रतन को घायल हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। हेमराज ने बताया कि वह सोलर प्लांट में गार्ड की नौकरी करता है। ड्यूटी के लिए प्लांट पहुंचने में 15 मिनट लेट हो गया। इसी बात पर सुपरवाइजर दिनेश राठौर और महेश नायक, गनमैन संत कुमार ने गाली-गलौज की।

गुस्से में मैंने भी गालियां दे दी। इसी बात पर राठौर, नायक और उसके साथियों ने लाठियों से मारपीट कर दी। मैंने परिवार को बुला लिया। इस पर उन्होंने मेरे परिवार पर भी हमला कर दिया। संत कुमार ने हवाई फायर किए जिससे गोली के छर्रे अजय के चेहरे पर और रतन के पैर में लग गए। पुलिस ने घटना स्थल और जिला अस्पताल पहुंचकर छानबीन की। मेडिकल जांच में गोली के छर्रे लगने से घायल होने की पुष्टि नहीं हो पाई है।

### जावर थाने में दोनों पक्ष के 13 लोगों पर केस दर्ज

पुलिस ने गनमैन संतकुमार बंजारा निवासी सहेजला, रुपेश पिता गोपाल बंजारा निवासी मोहन्या भाम व त्रिलोक की शिकायत पर फूलगांव के रहने वाले हेमराज पिता हरि, संतोष पिता लखन नायक, लखन पिता नथिया नायक, हरी पिता नथिया नायक, मनोज पिता हरि नायक, परमानन्द पिता शिवदास चौहान निवासी देवल्दी के खिलाफ मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया है। वहीं फूलगांव निवासी हेमराज पिता हरीसिंह की शिकायत पर महेश, दिनेश, रुपेश, भोला, शिवा, त्रिलोक बंजारा सभी निवासी ग्राम मोहनिया भाम तथा संतकुमार निवासी ग्राम सहेजला के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

# उपचुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा

### विजयपुर से रावत, बुदनी से 4 नाम, कार्तिकेय प्रबल दावेदार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। विजयपुर व बुदनी विधानसभा सीट पर अभी उपचुनाव की घोषणा नहीं हुई है। हालांकि, भाजपा ने दोनों सीटों पर प्रत्याशियों को लेकर विचार अभी से शुरू कर दिया है। सोमवार को सीएम डॉ. मोहन यादव और प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा की मौजूदगी में चुनाव समिति की बैठक हुई। इसमें विजयपुर से वन मंत्री रामनिवास रावत का नाम तय हुआ।**




वहीं, बुदनी से 4 नामों का पैनल केंद्रीय नेतृत्व को भेजा गया है। इनमें वन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष गुरुप्रसाद शर्मा, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह, पूर्व सांसद रमाकांत भार्गव और पूर्व विधायक राजेंद्र चौहान के नाम हैं। शिवराज सिंह के केंद्रीय मंत्री बनने के बाद से बुदनी विधानसभा सीट खाली है।

शिवराज सिंह को विदिशा लोकसभा सीट पर पूर्व सांसद रमाकांत भार्गव की जगह टिकट मिला था। इसलिए बैठक में रमाकांत का नाम प्रमुखता से आया। बैठक में यह भी बताया गया कि कार्तिकेय को टिकट देने को लेकर क्षेत्र के मंडल अध्यक्षों ने प्रदेशाध्यक्ष व संगठन को पत्र सौंपे हैं। विजयपुर से कांग्रेस के टिकट पर जीते रामनिवास लोस चुनाव से पहले भाजपा में आ गए थे। उनके इस्तीफे के बाद से सीट खाली है।

## कटाक्ष




© www.detectivegroupreport.com

# इंदौर में एलिवेटेड कॉरिडोर बनाने की फिर मांग उठी

## सज्जन सिंह वर्मा ने गडकरी को लिखा पत्र, कहा- सीएम के निर्णय पर पुन: विचार हो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने केंद्रीय भूतल व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से इंदौर में एलिवेटेड कॉरिडोर बनाने की मांग की है। उन्होंने सोमवार को लिखे पत्र में कहा है कि शहर के एलिवेटेड कॉरिडोर को निरस्त कर 7 ओवर ब्रिज बनाने का निर्णय अव्यवहारिक है। मुख्यमंत्री मोहन यादव को इस पर पुनः विचार करना चाहिए। वर्मा ने पत्र की एक प्रतिलिपि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भी भेजी है।**

पत्र में लिखा है- एलआईजी से नौलखा चौराहे तक एलिवेटेड ब्रिज की स्वीकृति के लिए आपका प्रयास काबिल-ए-तारीफ रहा था। इस ब्रिज के बनने से शहर को यातायात के दबाव से मुक्ति मिलती। जिसे लेकर बकायदा फिजिकली सर्वे भी किया था। इंदौर के एलिवेटेड ब्रिज के टेंडर बेहद पारदर्शी तरीके से हुए थे। यह टेंडर उत्तरप्रदेश सरकार की इकाई ब्रिज कार्पोरेशन को मिला था। इसमें भ्रष्टाचार की कोई गुजाइश नहीं थी। इस एलिवेटेड ब्रिज को लेकर टेंडर होने के बाद इसका काम भी प्रारंभ हो चुका था।

### लिखा- पूरी योजना को निरस्त कर दिया

पिछले दिनों मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस पूरी योजना को निरस्त कर दिया। उन्हें स्थानीय नेताओं ने गुमराह कर शहर की जरूरतों को नजरअंदाज किया। उन्हें गलत जानकारी दी गई। इसके चलते मुख्यमंत्री ने 7 नए ओवर ब्रिज बनाने का ऐलान कर दिया है।

### इंजीनियरों ने मंत्री को दी थी एक रिपोर्ट

मामले में इंदौर के इंजीनियरों ने एक रिपोर्ट बनाकर मध्यप्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को भी दी है। जिसमें उन्होंने ओवरब्रिजों के निर्माण को पूरी तरह अव्यवहारिक बताते हुए यह भी बताया कि यह सभी ओवरब्रिज ओवर लेप हो जाएंगे, साथ ही निकलने के लिए सर्विस रोड भी नहीं मिल पाएगी। यह योजना कांग्रेस के कार्यकाल में मेरे द्वारा स्वीकृत की गई थी। मध्यप्रदेश को लेकर आपकी व्यापक और सार्थक सोच की वजह से ही आपने इंदौर को एलिवेटेड पुल की सौगात मात्र 7 मिनट में ही दे दी थी। इसी के साथ जबलपुर, भोपाल, देवास के एलिवेटेड ब्रिज बनकर तैयार हैं।

### एमपी सरकार को 35 करोड़ का नुकसान

जबलपुर के एलिवेटेड पुल का भूमि पूजन आपके और मैने किया था। वह भी बनकर तैयार हो चुका है। इंदौर का एलिवेटेड पुल का ठेका निरस्त होता है तो मध्यप्रदेश सरकार को 35 करोड़ रुपए से ज्यादा का राजस्व नुकसान भी होगा और इंदौर शहर विकास की रफ्तार से फिर 5 साल पीछे चला जाएगा। अभी हमारा शहर यातायात की विभीषिका को झेल रहा है। एलिवेटेड पुल ही इसका एक मात्र समाधान है। मेरा विश्वास है कि आप इसमें दूरदर्शी निर्णय लेंगे। इसके लिए पूरा इंदौर शहर आपका आभारी रहेगा। मैं स्वयं पूरी कांग्रेस की तरफ से आपका भव्य स्वागत करूंगा।

## मिस्टर मिस एंड मिसेज एमपी इंदौर का 11वां सीजन आरंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मिस्टर मिस एंड मिसेज एमपी इंदौर, मध्य भारत का प्रमुख फैशन और मॉडलिंग इवेंट, अपने 11वें सीजन के लिए वापस आ गया है, जिसमें नए चेहरों और नए टेलेंट्स की तलाश रहेगी ।**

मध्य प्रदेश की सबसे प्रतिभाशाली प्रतिभाओं की खोज सितंबर 2024 में शुरू हुई। यह इवेंट महत्वाकांक्षी मॉडल, नए चेहरे, और प्रोफेशनल्स, तीनों को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है। इस इवेंट की मदद से सफल करियर शुरू करने का एक प्रूवन ट्रैक रिकॉर्ड है, जिनके पार्टीसीपेंट्स फेमिना मिस इंडिया और मिस्टर इंडिया जैसे नैशनल स्टेज पर अपने शहर का प्रतिनिधित्व करते आ रहे हैं, और यहां तक कि मिस यूनिवर्स और मिस सुप्रा इंटरनेशनल जैसे अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में भारत का प्रतिनिधित्व भी कर चुके हैं। इवेंट हेड रोशी जैन ने कहा हम पिछले 10 सीजन में मिले रीस्पान्स से बहुत उत्साहित हैं और इस 11 वें अंक की घोषणा करते हुए हमें बेहद खुशी है। यह अविश्वसनीय अवसर उभरते हुए मॉडल्स को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए स्किल, एक्सपीरिएन्स और एक्स्पर्टीज देने का एक मंच है।

## शहर में चलेगा सार्थक दीपावली अभियान

# जरूरतमंदों को वितरित करेंगे मिठाई, नए वस्त्र व उपहार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अग्रवाल समाज के तत्वावधान में इस वर्ष भी शहर की विभिन्न झुग्गी बस्तियों में सार्थक दीपावली अभियान चलाया जाएगा। समाज से जुड़े विभिन्न संगठनों के सहयोग से अनेक झुग्गी बस्तियों में दीपावली के पूर्व पहुंचकर समाजसेवी बंधु सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को फटाखे, मिठाई एवं अन्य उपहार भेंट करेंगे।**

अभियान के संयोजक किशोर गोयल, गणेश गोयल, अरविंद बागड़ी एवं नारायण अग्रवाल तथा उनके साथियों ने बताया कि पिछले 12 वर्षों से समाज के विभिन्न संगठनों के सहयोग से सार्थक दीपावली अभियान निर्धन एवं झुग्गी बस्तियों, सरकारी स्कूलों, वृद्धाश्रम आदि स्थानों पर बच्चों के लिए मिठाई, दीपक, टॉफी-बिस्किट, कपड़े एवं स्कूल में शिक्षा के काम आने वाली सामग्री का वितरण किया जा रहा है। इस वर्ष भी यह अभियान समाजसेवी पवन सिंघानिया और राजेश गर्ग के मार्गदर्शन में विजय नगर, अन्नपूर्णा, परदेशीपुरा, एयरपोर्ट रोड, किला मैदान, स्कीम 140, मूसाखेड़ी एवं शहर के अन्य स्कूलों और झुग्गी बस्तियों में उपहार वितरण कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस सेवा प्रकल्प में राजेन्द्र समाधान, राजेश मित्तल, संजय गोयनका, अजय मंगल, अरविंद वेल्यूअर, नितेश बंसल, के.के. गोयल, नितिन अग्रवाल एवं अन्य समाजसेवी बंधुओं का सहयोग मिल रहा है। दीपावली के पूर्व तक यह अभियान शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चलाने का निर्णय लिया गया है।

# छावनी अनाज मंडी के दो गेट बंद किए

## किसान, व्यापारी, हम्माल और ग्राहक सभी परेशान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर ।** छावनी अनाज मंडी में पूर्व में तीन गेट थे इससे किसानों को मंडी में माल लेकर आने में और वापस जाने में आसानी होती थी, साथ ही व्यापारी हम्माल और ट्रांसपोर्टरों को भी आसानी रहती थी, लेकिन पिछले कुछ वर्षो से लोहा मंडी की ओर का एक गेट बंद कर दिया गया था तथा उस पर कुछ व्यापारियों ने अतिक्रमण कर अपना गोदाम बना लिया । जबकि छावनी की ओर खुलने वाला गेट पिछले कुछ दिनों से बंद कर दिया गया है। इस गेट से व्यापारी और किसान अपना माल बेचकर खरीद कर बाहर जाते थे । उनके पास जोखिम भी रहती थी और मंडी परिसर में स्थित औद्योगिक व्यापारिक बैंक तथा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में भी आवाजाही करने में आसानी होती थी, लेकिन पिछले कुछ दिनों से मंडी सचिव के तानाशाही पूर्ण आदेश के चलते यह गेट भी बंद कर दिया गया है। इसको लेकर किसान संगठनों ने पूर्व में भी आपत्ति ली थी तथा मांग की थी कि गेट खोले जाए ।

संयुक्त किसान मोर्चा रामस्वरूप मंत्री, बबलू जाधव, शैलेंद्र पटेल, चंदन सिंह बड़वाया सतीश मकवाना आदि ने उक्त जानकारी देते हुए मांग की है कि छावनी की ओर खुलने वाला मंडी का गेट पूर्व की तरह रोज खोला जाए। केवल रात में बंद किया जाए ।साथ ही लोहा मंडी की ओर खुलने वाला गेट नंबर-2 को भी अतिक्रमण मुक्त कर खोला जाए। किसान संगठनों ने मंडी सचिव के इस तर्क से भी असहमति जताई है कि मंडी के गेट ज्यादा खुलने से चोरी की घटनाएं बढ़ती है। गौरतलब है कि चोरी की घटनाएं रोकने के लिए मंडी समिति ने 60 से ज्यादा गार्ड्स की नियुक्ति कर रखी है और इनका लाखों रुपए महीना भुगतान होता है, उसके बावजूद भी अगर मंडियों में चोरी होती है तो यह मिली भगत के अलावा संभव नहीं है।

## निकिता कुशवाह ने मिसेज यूनिवर्स फर्स्ट रनर-अप बनकर इतिहास रचा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर की बहू, श्रीमती निकिता कुशवाह, ने मिसेज यूनिवर्स प्रतियोगिता में फर्स्ट रनर-अप का प्रतिष्ठित खिताब हासिल करके देश का गौरव बढ़ाया है। उत्तर एशिया का प्रतिनिधित्व करते हुए, निकिता की उल्लेखनीय उपलब्धि वैश्विक मंच पर भारतीय महिलाओं की प्रतिभा और दृढ़ संकल्प को रेखांकित करती है। पेशे से कार्डियक और रेस्पिरेटरी फिजियोथेरेपिस्ट निकिता की यह जीत कड़ी मेहनत, समर्पण और जीतने की भावना का प्रमाण है। मिसेज यूनिवर्स प्रतियोगिता में उनकी भागीदारी अपने आसपास की महिलाओं की जीवन के हरेक हिस्से में उत्कृष्टता प्राप्त करने की इच्छाशक्ति और संकल्प को उजागर करती है।दक्षिण कोरिया के इंचियोन में 2 से 10 अक्टूबर तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता, मिसेज यूनिवर्स के 47वें संस्करण में 100 से अधिक देशों की प्रतियोगियों ने भाग लिया। खिताब जीत कर इंदौर लौट कर मीडिया से बात करते हुए, निकिता ने कहा, - मैं अपने परिवार, दोस्तों और शुभचिंतकों से मिले सपोर्ट के लिए आभारी हूँ। मेरी यह उपलब्धि सपने देखने की शक्ति हिम्मत का प्रमाण है। मेरी कोशिश रहेगी कि मैं एक उदाहरण के रूप में और भी महिलाओं को अपने शौक, अपने जुनून को आगे बढ़ाने और अपना प्रभाव डालने के लिए प्रेरित कर सकूँ।

# सीएम हेल्पलाइन पोर्टल में प्राप्त शिकायतों के निराकरण में ऊर्जा विभाग नबंर-1

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लोक सेवा प्रबंधन विभाग द्वारा सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निराकरण की स्थिति के आधार पर जारी ग्रेडिंग में ऊर्जा विभाग लगातार प्रथम स्थान पर बना हुआ है। ऊर्जा विभाग 52 विभागों की जारी ग्रेडिंग में जून 2023 से अगस्त 2024 तक लगातार प्रथम स्थान पर है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विभागीय अधिकारियों द्वारा शिकायतों के निराकरण में तत्परता से की गई कार्यवाही पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि आशा ही नहीं पूरा विश्वास है कि अधिकारी आगे भी बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का इसी तरह से त्वरित निराकरण करते रहेंगे।**

सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर ऊर्जा विभाग से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिये एल-1 अधिकारी के रूप में कनिष्ठ अभियंता/सहायक अभियंता, एल-2 अधिकारी के रूप में कार्यपालन अभियंता, एल-3 अधिकारी के रूप में अधीक्षण अभियंता एवं एल-4 अधिकारी के रूप में मुख्य अभियंता सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज हैं। प्रत्येक स्तर पर शिकायत के निराकरण के लिये 7 दिन का समय निर्धारित किया गया है। शिकायतों के निराकरण के बाद सीएम हेल्पलाइन कॉल-सेंटर द्वारा शिकायतकर्ता से दूरभाष पर निराकरण के संबंध में संतोषजनक जवाब प्राप्त करने के बाद ही शिकायतों को बंद किया जाता है।

गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा नागरिकों को दी जा रही विभिन्न सेवाओं के संबंध में प्राप्त शिकायतों के निराकरण की पुख्ता व्यवस्था के लिये लोक सेवा प्रबंधन विभाग द्वारा सीएम हेल्पलाइन पोर्टल का निर्माण वर्ष 2014 में किया गया है।

# महाराणा सेना इंदौर का विशाल शस्त्र पूजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** क्षत्रिय वंश परम्परा अनुसार असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक दशहरे पर शास्त्र सम्मत विधि से महाराणा सेना संगठन का ध्वजारोहण कर कन्या पूजन, शस्त्र एवं अश्व पूजन किया गया। यह आयोजन महाराणा सेना विगत 18 वर्षो से निरंतर आयोजित करते आ रही है। आयोजन में महाराणा सेना मध्य प्रदेश की सभी इकाईया भी सम्मलित हुई एवं आयोजन के मुख्य अतिथि एवं सभी वक्ता उपस्थित रहें व इंदौर के सभी प्रमुख व वरिष्ठजन, युवाओं द्वारा उत्साह के साथ शस्त्र पूजन किया गया। आयोजक-महाराणा सेना इंदौर, संयोजक-राजपूत प्रगति परिषद इंदौर,आयोजन मिष्ठी पैलेस गार्डन उज्जैन रोड़ पर संपन्न हुआ। आयोजन में उपस्थित सभी राजपूत सरदारों का महाराणा सेना इंदौर के अध्यक्ष अजय सिंह राजपूत एवं कार्यकारणी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एएसपी को सौंपा ज्ञापन

# नकली खाद की कालाबाजारी का विरोध कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महू में मानपुर के पास ग्राम खुर्दी मे नकली खाद और खाद की कालाबाजारी को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार दोपहर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला। इस दौरान नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ता कार्यालय पहुंचे।**

दरअसल, बीते दिनों खाद की कालाबाजारी, नकली खाद की बिक्री और जमाखोरी को लेकर मानपुर नगर परिषद अध्यक्ष रवीना यादव के पति पवन यादव जो कि युवा मोर्चा भाजपा के जिला उपाध्यक्ष भी हैं और पार्षद पति अभिषेक उर्फ लालू मित्तल जो कि मानपुर नगर परिषद के वार्ड 9 के पार्षद पति और भाजपा के नेता है। दोनों के खिलाफ बुधवार शाम को नायाब तहसीलदार ने नकली खाद की जमाखोरी और उसकी बिक्री, कालाबाजारी को लेकर उन पर कार्रवाई की थी। इनका गोदाम भी सील किया गया था।

इसके बाद बुधवार करीब रात 1 बजे बजे दोनों अभियुक्तों ने जाकर ताला तोडकर 259 बोरी में से करीब करीब 220 बोरी डकैती डालकर निकाल ली थी। इसके बाद मानपुर थाने में नायब तहसीलदार ने एफआईआर दर्ज कराई थी। लेकिन अभी तक दोनों ही आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। इसके विरोध में एसपी रूपेश द्विवेदी को ज्ञापन सौंपा गया है। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश महासचिव शक्ति सिंह गोयल, मृणाल पंत, मनमोहन सिंह बैकुंठ पटेल, अमित अग्रवाल, राजकुमार बागड़ी देवेंद्र अग्रवाल, अजय धनावत सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मां-बेटे ने युवती से की मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। लेनदेन को लेकर छिड़े विवाद बाद एमपी ऑनलाइन शॉप चलाने वाली युवती के साथ मारपीट और दुकान में तोडफोड़ का मामला सामने आया है। बाणगंगा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। शिवानी मीना निवासी शीतल नगर की शिकायत पर पुलिस ने हर्ष साहू और ज्योति साहू पर मारपीट और तोडफोड़ का केस दर्ज किया है। शिवानी कुर्मी ने पुलिस को बताया कि मैं कुशवाह नगर में अपनी एमपी ऑनलाइन शॉप पर बैठी थी। शाम 5 बजे ज्योति और उसका बेटा हर्ष अश्लील शब्द कहते हुए अंदर घुसे। उन्होंने दुकान में रखा कम्प्यूटर जमीन पर पटक दिया। इसके बाद दोनों मेरा हाथ खींचकर सडक पर लेकर आए और बुरी तरह पीटने। आसपास के लोंगो ने बीच-बचाव किया। शिवानी ने पुलिस को बताया कि ज्योति से मैने कुछ पैसे लिए थे उसे लेकर ही विवाद चल रहा है।

# बेटा नहीं मिला तो मां पर कर दिया हमला

### शिकायत दर्ज कराने से नाराज बदमाश ने मचाया उत्पात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पुलिस ने एक बदमाश के खिलाफ मां और बेटे की अलग-अलग शिकायत पर दो प्रकरण दर्ज किए हैं। आरोपी ने पहले बेटे पर हमला किया उसने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी। इससे नाराज होकर वह उसके घर में घुस गया। वहां बेटा नहीं मिला, मां मिली तो उन पर ही हमला कर दिया।**

बाणगंगा थाने में कृष्णाबाई मचार निवासी डग्गर मोहल्ला की शिकायत पर आरोपी तन्नू निवासी भील धर्मशाला के पीछे के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। महिला ने पुलिस को बताया कि उसके बेटे आकाश के साथ आरोपी तन्नू ने एक दिन पहले मारपीट की थी। इस बात की रिपोर्ट आकाश ने थाने पर की थी। यह बात आरोपी तन्नू को पता लगी तो वह आकाश को फोन कर धमकाने की कोशिश करने लगा। आकाश ने फोन नहीं उठाया तो आरोपी घर आ गया। वहां आरोपी ने आकाश के न मिलने पर उसकी मां कृष्णाबाई के साथ विवाद किया गालियां देकर उन्हें मारा पीटा। पडोसी महिला को बचाने आए तो आरोपी वहां से भाग गया।

# चाबी बनाने के बहाने जेवर चुराए

### महिला को झांसा देकर ले गया सिकलीगर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एक महिला के साथ सिकलीगर ने चाबी बनाने के बहाने वारदात कर दी। आरोपी उनके जेवर चुराकर ले गया। दो दिन बाद जब घटना की जानकारी लगी तो सिकलीगर को ढूंढा। उसका पता मिलने पर उसके घर तक पहुंचे। परिवार के लोगों ने जेवर वापस मांगे। लेकिन आरोपी ने वापस नहीं किए।**

परदेशीपुरा पुलिस कृष्णा वाघमोडे, निवासी कुलकर्णी भट्टे की शिकायत पर पुलिस ने द्वारकापुरी इलाके में रहने वाले सिकलीगर के खिलाफ केस दर्ज किया है। कृष्णा ने बताया कि अलमारी की चाबी गुम होने के चलते उसे बुलाया। सिकलीगर ने चाबी बनाते समय पानी मांगा। वह पानी लेने गई। इस बीच सिकलीगर ने जेवर निकाल लिए। महिला के आने पर सिकलीगर ने बैग वहीं छोड़ा और कुछ देर में आने का कहकर चला गया। एक दिन बाद भी जब सिकलीगर बैग लेने नहीं आया तो महिला ने अलमारी चैक की। उसमें से जेवर गायब थे। उन्होंने अपने दामाद पंकज को जानकारी दी। वह घर पहुंचे और दोस्तों के साथ मिलकर सिकलीगर की जानकारी निकाली। उन्होंने परदेशीपुरा थाने पर आवेदन दिया। वहीं अपने ससुराल के पास की एक दुकान से सिकलीगर के फुटेज निकाले। सिकलीगर की पहचान दिलीप उर्फ गुरवीर, निवासी आकाश नगर के रूप में हुई। उक्त जानकारी परदेशीपुरा पुलिस को दी। सिकलीगर दिलीप के परिवार के लोगों ने जेवर वापस करने की बात कही। लेकिन एक सप्ताह बाद भी जेवर वापस नहीं किए। इस पर पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर दिलीप गुरवीर की तलाश शुरू कर दी है।

# एमवाय अस्पताल के इलेक्ट्रिक पैनल में फंसने से बिल्ली की मौत

### 2 घंटे तक बिजली सप्लाई बाधित,ओपीडी का काम हुआ प्रभावित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एमवाय अस्पताल में इलेक्ट्रिक पैनल सेट में एक बिल्ली की फंसने से मौत हो गई। इससे लाइट गुल हो गई। जिससे करीब दो घंटे तक ओपीडी का काम प्रभावित हुआ। हालांकि फिर सुधार काम के बाद काम सुचारू हो गया। घटना सोमवार सुबह करीब 10.30 बजे की है। यहां नई ओपीडी की लाइट गुल हो गई। इससे ओपीडी में कम्प्यूटर पर काम बंद हो गया। वहीं डॉक्टरों के केबिन में बिजली नहीं होने से परेशानियों का सामना करना पड़ा। इलेक्ट्रिशियन ने काफी देर तक चेक किया तो बिजली की सप्लाई तो थी लेकिन ओपीडी बिल्डिंग की लाइन में गड़बड़ी थी। बाद में पता चला कि बिजली के पैनल सेट में एक बिल्ली फंसी है। संभवतः एक-दो दिन पहले ही उसकी मौत हो गई थी, जिससे बदबू आ रही थी। कुछ देर बाद मृत बिल्ली को निकालकर सुधार काम किया गया। इसके बाद पर्चियां बनाने का काम शुरू हो सका।

# कारों के कांच फोड़ने वालों का निकाला जुलूस

### आरोपियों में एक नाबालिग, एक आरोपी की तलाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पलासिया थाना क्षेत्र के रविंद्र नगर में रात के अंधेरे में कारों के कांच फोडऩे वाले बदमाशों की पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज से तलाश करते हुए उन्हें पकड़ा और जुलूस निकाल दिया। तीन आरोपियों में एक नाबालिग है। वहीं इनका एक साथी आरोपी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

रवींद्र नगर में कारों मे तोडफोड़ को लेकर पलासिया पुलिस ने केस दर्ज किया। इसके बाद आरोपियों की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले। आरोपियों के फुटेज मिलने के बाद मुखबिरों को सक्रिय किया तो पता चला कि ये सभी विनोबा नगर के रहने वाले हैं। इसके बाद पुलिस ने बाबू उर्फ लेंडी, राज वर्मा और एक नाबालिग को पकड़ा है। आरोपियों को पकडऩे के बाद पूछताछ की तो वे पुलिस के सामने गिड़गिड़ाने लगे,उन्होंने कहा कि हमने ज्यादा शराब पी ली थी।

### घर जाकर सो गए

रात में घर जा रहे थे उसी दौरान रास्ते में कारें खडी दिखीं तो पत्थर उठाकर उनके कांच फोड डाले और उसके बाद घर जाकर सो गए थे। पुलिस ने बाबू उर्फ लेंडी और राज वर्मा का रवींद्र नगर में जुलूस निकाला और उनसे उठक-बैठक भी लगवाई। पुलिस इनके साथी की तलाश कर रही है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर रही है।

# शहर में चलेगा सार्थक दीपावली अभियान

### जरूरतमंदों को वितरित करेंगे मिठाई, नए वस्त्र व उपहार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अग्रवाल समाज के तत्वावधान में इस वर्ष भी शहर की विभिन्न झुग्गी बस्तियों में सार्थक दीपावली अभियान चलाया जाएगा। समाज से जुड़े विभिन्न संगठनों के सहयोग से अनेक झुग्गी बस्तियों में दीपावली के पूर्व पहुंचकर समाजसेवी बंधु सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को फटाखे, मिठाई एवं अन्य उपहार भेंट करेंगे। अभियान के संयोजक किशोर गोयल, गणेश गोयल, अरविंद बागड़ी एवं नारायण अग्रवाल तथा उनके साथियों ने बताया कि पिछले 12 वर्षों से समाज के विभिन्न संगठनों के सहयोग से सार्थक दीपावली अभियान निर्धन एवं झुग्गी बस्तियों, सरकारी स्कूलों, वृद्धाश्रम आदि स्थानों पर बच्चों के लिए मिठाई, दीपक, टॉफी-बिस्किट, कपड़े एवं स्कूल में शिक्षा के काम आने वाली सामग्री का वितरण किया जा रहा है। इस वर्ष भी यह अभियान समाजसेवी पवन सिघानिया और राजेश गर्ग के मार्गदर्शन में विजय नगर, अन्नपूर्णा, परदेशीपुरा, एयरपोर्ट रोड, किला मैदान, स्कीम 140, मूसाखेड़ी एवं शहर के अन्य स्कूलों और झुग्गी बस्तियों में उपहार वितरण कार्यक्रम चलाया जाएगा।

# सूरज की किरणों से बिजली बनाने वालों की संख्या बीस हजार के करीब

### आठ माह में ही 9 हजार उपभोक्ता जुड़े रूफ टॉप सोलर नेट मीटर प्रणाली से

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मालवा और निमाड़ यानि पश्चिम मप्र में सूरज की किरणों से बिजली तैयार करने वाले उपभोक्ताओं की संख्या में अस्सी प्रतिशत तक वृद्धि दर्ज हुई है। वर्तमान में पश्चिम मप्र में 19750 स्थानों, छतों, परिसरों से रूफ टॉप सोलर नेट मीटर के तहत सौर ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है, यह संख्या अक्टूबर अंत तक 20 हजार के पार हो जाएगी।**

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि इस कैलेंडर वर्ष में सौर ऊर्जा के प्रति सबसे ज्यादा आकर्षण देखा गया है। पीएम सूर्यघर योजना लागू होने के बाद बहुत तेजी से बिजली उपभोक्ताओं का रूझान इस ओर रहा, यही कारण हैं कि फरवरी से अक्टूबर दूसरे सप्ताह के बीच करीब नौ हजार बिजली उपभोक्ता इससे जुड़ चुके हैं। इन उपभोक्ताओं की छतों, परिसरों पर सौर पैनल्स लग चुके हैं। इनकी बिजली भी उत्पादित होकर विधिवत रूप से मीटर और बिलिंग सिस्टम में दर्ज हो रही है। प्रबंध निदेशक ने बताया कि वर्तमान में कंपनी क्षेत्र में निम्नदाब और उच्च दाब से संबंद्ध उपभोक्ताओं के यहां 19750 स्थानों पर नेट मीटर लगे हैं। इनकी कुल उत्पादन क्षमता 200 मैगावाट के करीब है। सबसे ज्यादा उत्पादन इंदौर शहर क्षेत्र, सुपर कॉरिडोर, बायपास इत्यादि स्थानों पर हो रहा है। इंदौर महानगर क्षेत्र में करीब 11400 स्थानों पर सौर ऊर्जा उत्पादन हो रहा है, इसकी कुल क्षमता 100 मैगावाट के पार हैं। दूसरे स्थान पर उज्जैन जिला 2200 स्थानों पर, तीसरे स्थान पर देवास जिला 1020 स्थानों पर रूफ टॉप सोलर मीटर वाला हैं। सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि कंपनी क्षेत्र में चौथे स्थान पर रतलाम जिला 755 स्थान, पांचवां स्थान खरगोन जिला 750 स्थान पर हैं। इसके बाद अन्य जिलों में 40 से 450 छतों, परिसरों में रूफ टॉप सोलर नेट मीटर के माध्यम से बिजली उत्पादन हो रहा हैं।

### सर्वाधिक सब्सिडी देय

केंद्र शासन वर्ष 2024 के प्रारंभ से ही तीन किलो वॉट तक के सोलर पैनल्स पर अधिकतम 78 हजार रूपए की सब्सिडी दे रही हैं। यह प्रति किलो वॉट के हिसाब से अब तक की अधिकतम सब्सिडी हैं। उपभोक्ता जो राशि खर्च करता हैं, वह करीब तीन वर्ष में बिल से बच जाती हैं।

**बाबा सिद्दीकी मर्डर केस**

# उज्जैन में दूसरे दिन भी सर्चिंग की, बहराइच के शिवकुमार का इनपुट मिला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन ,(एजेंसी)। उज्जैन में मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम आरोपी की तलाश में दो दिन से सर्चिंग कर रही है। मुंबई क्राइम ब्रांच को उज्जैन में बहराइच के शिवकुमार की तलाश है। बाबा सिद्दीकी के मर्डर केस में शिव कुमार भी शामिल था। मुंबई पुलिस दो दिन से उज्जैन में डेरा डाले हुए है। सोमवार को लगातार दूसरे दिन 7 सदस्यीय टीम ने उज्जैन क्राइम ब्रांच के साथ मिलकर सर्च ऑपरेशन चलाया।**

मुंबई और उज्जैन क्राइम ब्रांच पुलिस ने अब तक 10 से ज्यादा ठिकानों पर रेड की है। पूरे ऑपरेशन को बेहद गुप्त तरीके से अंजाम दिया जा रहा है। उज्जैन क्राइम ब्रांच ने सिर्फ इतना ही बताया है कि लीड मिली थी। इस बेस पर चेकिंग की जा रही है।

सोमवार को उज्जैन डीएसपी (साइबर) शैलेंद्र सिंह तोमर, बॉम्ब डिफ्यूजल स्क्वॉड (बीडीएस) की टीम के साथ रेलवे स्टेशन पर सर्च की। डॉग स्क्वॉड की टीम भी साथ थी। 24 से ज्यादा अधिकारियों - कर्मचारियों की टीम ने यात्रियों की आईडी चेक की। संदिग्धों के सामान की भी जांच की। टीम ने बस स्टैंड और भैरवगढ़ में भी सर्च की है।

**शिवकुमार को ही हत्या का कॉन्ट्रैक्ट दिया गया था-** शिव कुमार उर्फ शिव यूपी के बहराइच का रहने वाला है। उसे ही इस हत्या के लिए कॉन्ट्रेक्ट दिया गया था। उसका कोई पुराना क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं है। शिव 5-6 साल पहले पुणे में काम करने के लिए आया था।

**उज्जैन में डेरा डाले हुए है मुंबई क्राइम ब्रांच-** बाबा सिद्दीकी की शनिवार रात गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। रविवार सुबह मुंबई क्राइम ब्रांच की 7 सदस्यीय टीम उज्जैन आ गई थी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मुंबई क्राइम ब्रांच को पूछताछ में उज्जैन का कनेक्शन मिला है। लॉरेंस गैंग का कनेक्शन खंगालने के लिए टीम छापेमारी कर रही है।

**2 साल पहले मूसेवाला मर्डर केस से जुड़ा था उज्जैन का कनेक्शन-** करीब दो साल पहले नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (ठकअ) ने उज्जैन के नागदा में भी छापेमारी की थी। टीम ने नागदा से योगेश भाटी और राजपाल चंद्रावत को उठाया था। हरियाणा के बदमाश दीपक रमदा ने मोहाली (पंजाब) में इंटेलिजेंस के ऑफिस पर रॉकेट लॉन्चर दागा था। दीपक को नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार किया गया था। उसने ही पूछताछ में दोनों के नाम बताए थे। योगेश का नाम पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में भी आया था। इनपुट मिला था था कि इस हत्याकांड के आरोपियों ने नागदा में योगेश के घर फरारी काटी थी। हालांकि, 7 घंटे पूछताछ के बाद टीम के हाथ कुछ नहीं लगा था और उसने दोनों को छोड़ दिया था।

**उज्जैन कनेक्शन पर कांग्रेस ने उठाए सवाल-** मध्यप्रदेश कांग्रेस ने पर लिखा, ह्याबाबा सिद्दीकी की हत्या के संदिग्धों की उज्जैन में खोजबीन, सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के समय भी उज्जैन में खोजबीन, यूपी का माफिया विकास दुबे भी उज्जैन से ही हुआ था गिरफ्तार, क्या संगठित अपराधियों की पनाहगाह बन रहा है मुख्यमंत्री का गृह जिला?

# रुक-रुककर बारिश के बाद मौसम ठंडा

**आकाशिय बिजली गिरने से एक की मौत**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शाजापुर, निप्र।** जिले में रविवार को आसमान की गड़गड़ाहट के साथ रुक-रुककर कभी तेज तो कभी हल्की बारिश होने के चलते सोमवार सुबह से आसमान में औस के साथ बादल छाए रहे। बारिश से मौसम में आए बदलाव ने लोगों को सुबह ठंड का एहसास कराया। वहीं लोग औस गिरने से सड़को पर आमजन अपने वाहन लाईट जला कर निकलते दिखाई दिये।

बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से कमालपुर गाँव में खेत में काम कर रहे एक किसान की मौके पर ही मौत हो गई। परिजन मृतक को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुँचे जहाँ उसे मृत घोषित कर दिया। कालापीपल पुलिस ने मर्ग कायम कर जॉच प्रारंभ की है।

**22.6 मि.मी. औसत वर्षा, तहसील शाजापुर में 72 मि.मी. हुई वर्षा:-** जिले में गत दिवस से कल प्रातः 8.00 बजे तक 22.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। सर्वाधिक वर्षा तहसील शाजापुर में 72 मि.मी. हुई है। इसी तरह तहसील मो.बड़ोदिया में 27 मि.मी., शुजालपुर में 2 मि.मी., कालापीपल में 12 मि.मी., गुलाना में 18 मि.मी., पोलायकलां में 10 मि.मी. एवं अ.बड़ोदिया में 17 मि.मी. वर्षा हुई है।

इस प्रकार 01 जून 2024 से अब तक शाजापुर में 1053 मिमी., मो. बड़ोदिया में 972 मि.मी., शुजालपुर में 909 मि.मी., कालापीपल में 1184 मि.मी., गुलाना में 746 मि.मी., पोलायकलां में 570.9 एवं अ.बड़ोदिया में 849 मि.मी., इस प्रकार कुल 897.7 मि.मी. औसत वर्षा हुई है। इस प्रकार जिले में इस वषाकाल के दौरान अब तक सामान्य वर्षा 987.7 मिमी से 90 मिमी कम वर्षा हुई है।

# रिलायंस के रिटायर्ड अफसर और पत्नी का शव मिला

**हनुवंतिया टापू पर छुट्टियां मनाने आए थे; बैकवाटर में डूब गए**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा,(एजेंसी)। खंडवा के हनुवंतिया टापू पर छुट्टियां मनाने आए एक बुजुर्ग दंपती की जलाशय में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने बैकवाटर से रेस्क्यू कर दोनों के शव बरामद कर लिए हैं। बुजुर्ग इंदौर में रिलायंस कंपनी से जनरल मैनेजर पद से रिटायर हुए थे। पत्नी के साथ हनुवंतिया घूमने आए थे।**

घटन सोमवार करीब 10 बजे की है। प्रारंभिक तौर पर पुलिस ने इस केस को एक्सीडेंटल माना है। मृतकों की पहचान भगवान सिंह धाकड़ (66) और उनकी पत्नी सुनीता बाई निवासी डायमंड स्वेक्यर (निरंजनपुर) थाना लसुडिया इंदौर के रूप में हुई हैं।



**एमपी टूरिज्म के रिसोर्ट में रुके थे दंपती-** मूंदी पुलिस के मुताबिक दंपती ने एमपी टूरिज्म के रिसोर्ट में 102 नंबर के कॉटेज की ऑनलाइन बुकिंग की थी। वो 12 अक्टूबर की शाम 4 बजे कार से रिसोर्ट पहुंचे थे। दो दिन से रिसोर्ट में रूके हुए थे। सोमवार सुबह के समय उनके साथ हादसा हुआ हैं।

**रिसोर्ट के मैनेजर को दिखी लाश-** सोमवार सुबह क्रूज के पास एमपीटी के मैनेजर को एक महिला की लाश दिखी। स्टाफ ने शिनाख्त की कि को पता चला महिला उनके रिसोर्ट में ठहरी हुई थी। जब कॉटेज में जाकर देखा तो उनके पति गायब थे। इसके बाद बैकवाटर में सर्चिंग के लिए एसडीआरएफ को बुलाया गया। एसडीआरएफ ने करीब 3 घंटे तक सर्चिंग की। शाम 4 बजे भगवान सिंह का शव बरामद हुआ।

**बेटियां अमेरिका में डॉक्टर, भाई-साले का परिवार पहुंचा-**चौकी प्रभारी राधेश्याम मालवीय के मुताबिक, सूचना के बाद मृतक के परिजन भी हनुवंतिया पहुंच गए हैं। भगवानसिंह का साला और भतीजा अपने परिवार के साथ आया है। दंपती की दो बेटियां हैं, दोनों अमेरिका में डॉक्टर हैं। दंपती दो दिन के ट्रिप पर हनुवंतिया आए थे। सोमवार शाम को वापस इंदौर लौटने वाले थे।

# फ्लैट में लटका मिला हाईकोर्ट के नामी वकील का शव

**मिहिर भोज प्रतिमा मामले समेत कई चर्चित केस लड़े**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, (एजेंसी)। ग्वालियर में हाईकोर्ट के नामी वकील का शव रविवार देर रात उनके ही फ्लैट में फांसी के फंदे पर लटका मिला। यह फ्लैट शहर के बलवंत नगर स्थित मनोहर एन्क्लेव में उन्होंने तीन महीने पहले ही खरीदा था। वकील सुरेश अग्रवाल के शव के पास से हाथ से बनी जन्म कुंडली मिली है। पुलिस आज शव का पोस्टमॉर्टम कराएगी।**

अग्रवाल शहर के बड़े मामलों में पैरवी करने के लिए जाने जाते थे, चाहे वो सम्राट मिहिर भोज जाति विवाद हो या फिर संत पॉल चर्च के फादर की संदिग्ध हालत में सड़क हादसे में मौत का मामला। अग्रवाल चार महीने पहले हाईकोर्ट के एक जज से अभद्रता के बाद बार एसोसिएशन से निलंबित चल रहे थे। निलंबन के बाद से अग्रवाल डिप्रेशन में थे। उनका इलाज भी चल रहा था। उन पर क्रिमिनल केस भी था। दो दिन बाद इस मामले की सुनवाई तय है।

**ऑफिस के लिए निकले, पर पहुंचे नहीं**

सुरेश अग्रवाल मूल रूप से थाटीपुर के रहने वाले थे। फ्लैट में कभी-कभार ही आते थे। यहां और कोई नहीं रहता। इंदरगंज में उनका ऑफिस है। रविवार सुबह 9 बजे वे घर से निकले थे। अक्सर रविवार को अपने दफ्तर में जाकर बैठते थे, लेकिन रविवार को ऑफिस नहीं पहुंचे। दिनभर गायब रहने के कारण परिजन और वकील साथियों ने तलाश शुरू की तो पता लगा कि वे मनोहर एन्क्लेव वाले फ्लैट पर हैं। जब परिजन फ्लैट पर पहुंचे तो उनका शव फांसी के फंदे पर मिला।

**शव के पास जन्म पत्रिका, रजिस्टर मिले-** पुलिस को वकील के शव के पास जन्म पत्रिका रखी मिली। यह सुरेश अग्रवाल की है और उनके बचपन में हाथ से बनाई गई थी। पास ही एक रजिस्टर भी रखा था। इसमें वे रूटीन की बातें लिखा करते थे। जून के बाद से इसमें कुछ भी नहीं लिखा गया है।

एएसपी शहर अखिलेश रेनवाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सुरेश अग्रवाल के डिप्रेशन में होने और इलाज कराने का पता लगा है। परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी है। आर्थिक स्थिति अच्छी है। एक भाई भी है, जो साथ ही रहते हैं।

**इन चर्चित मामलों में कर चुके पैरवी**

सुरेश अग्रवाल ने ग्वालियर के बहुचर्चित मध्यकालीन प्रतापी सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा मामले में स्वतंत्र याचिकाकर्ता की ओर से पैरवी की थी। इसके बाद हाईकोर्ट ने सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा को फैसला नहीं आने तक टीन की चादर से ढकने का आदेश दिया था। साथ ही जाति विशेष नाम की पट्टिका को कवर किया गया था। यह मामला अभी भी विचाराधीन है।

## संपादकीय

# दागी जनप्रतिनिधियों का जलवा

देश की राजनीति को भ्रष्टाचार, अपराधीकरण और धनबल से मुक्त करने के लिए आमतौर पर सभी राजनीतिक दल आवाज उठाते हैं, चुनावों के दौरान अन्य दलों पर इसे बढ़ावा देने का आरोप लगाया जाता है। मगर हालत यह है कि शायद ही ऐसा कोई दल है, जो विधानसभा या लोकसभा के लिए उम्मीदवार तय करते हुए इस बात का खयाल रखना जरूरी समझे कि उससे राजनीति के अपराधीकरण, भ्रष्टाचार और धनबल को कितना बढ़ावा मिलेगा। आए दिन की रपटों में यह बताया जाता रहा है कि तमाम दावों के बावजूद राजनीतिक दलों ने आपराधिक पृष्ठभूमि वाले या करोड़पति लोगों को टिकट देने से कभी कोई परहेज नहीं किया, बल्कि ऐसे लोगों को काफी महत्त्व दिया, जिनके पास धनबल हो। हाल ही हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा के बाद आई एक रपट के मुताबिक, नई विधानसभा में विधायक बनने वालों में छियानबे फीसद करोड़पति हैं। इसके अलावा, उनमें तेरह फीसद विधायकों का आपराधिक अतीत है और कई पर गंभीर अपराध के मुकदमे चल रहे हैं। यह स्थिति तब है, जब पिछले कई वर्षों से देश भर में लगातार इसे लेकर राजनेता चिंता जताते दिखते और अपनी पार्टी के इस रोग से मुक्त होने का दावा करते हैं। सवाल है कि फिर चुनाव में किसी राजनीतिक पार्टी के टिकट पर जीत कर जनप्रतिनिधि बनने वाले वे कौन लोग हैं और उन्हें उम्मीदवार बनाते समय संबंधित पार्टी को उनकी पृष्ठभूमि पर गौर करना और उनसे बचना जरूरी क्यों नहीं लगा? ऐसा क्यों होता है कि सभी बड़े दल अपने प्रतिद्वंद्वियों पर राजनीति में धनबल, आपराधिक पृष्ठभूमि या भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना करने वालों को बढ़ावा देने का मुद्दा उठाते हैं और उसी आधार पर जनता किसी खास पार्टी को अपना समर्थन भी देती है। मगर वे खुद दागियों को टिकट दे देते हैं। ईमानदारी और शुचिता के बजाय वैसे लोगों को तरजीह दिया जाता है, जिनके पास अथाह धन हो। ऐसे में आर्थिक रूप से साधारण हैसियत वाले ईमानदार लोग चुनाव में हिस्सा भी नहीं ले पाते। सवाल है कि राजनीतिक पार्टियों और उनके नेताओं के ऐसे दोहरे रवैये के रहते राजनीति और चुनावों में हिस्सेदारी को कितना लोकतांत्रिक बनाया जा सकेगा!

**अर्ज किया है..!**

*मैं मुनक़्क़श हूँ तिरी*
*रूह की दीवारों पर*
*तू मिटा सकता नहीं*
*भूलने वाले मुझ को*

*- मोहसिन एहसान*

## OSHO कहिन

**आपका पूरा विचार अपने बारे में दूसरे से लिया गया उधार है। यह उन लोगों से उधार लिया गया है, जिन्हें अपने बारे में खुद पता नहीं है।**



## Health is Welth

# करवाचौथ से पहले त्वचा को निखारने के लिए ऐसे करें टमाटर का यूज

## मैजिक की तरह काम करेंगे ब्यूटी हैक्स

सब्जियों का स्वाद बढ़ाने से लेकर सलाद की प्लेट सजाने तक के लिए यूज होने वाला टमाटर, आपकी खूबसूरती को भी निखार सकता है। जी हां, कुछ ही दिनों में सुहागिन महिलाओं का सबसे बड़ा त्योहार करवाचौथ आने वाला है। इस दिन हर शादीशुदा महिला दूसरी किसी भी महिला से ज्यादा खूबसूरत दिखना चाहती है। जिसके लिए वो कई दिन पहले से ही पार्लर के महंगे ट्रीटमेंट और फेशियल लेना भी शुरू कर देती है। बावजूद इसके कई बार उन्हें चेहरे पर मनचाहा ग्लो देखने को नहीं मिलता है। अगर आपके साथ भी कई बार ऐसा हो चुका है तो पार्लर में पैसे खर्च करने की जगह रसोई में रखे टमाटर का यूज करके इंस्टेंट ग्लो पाएं। टमाटर में मौजूद विटामिन सी और अन्य पोषक तत्व त्वचा से डेड स्किन हटाने और बंद हुए त्वचा के छिद्रों को खोलने में मदद करते हैं। जबकि इसमें मौजूद एंजाइम त्वचा को एक्सफोलिएट और विटामिन सी और लाइकोपीन त्वचा से टैनिंग को कम करने में मदद करते हैं। आइए जानते हैं टमाटर से जुड़े कुछ ऐसे ब्यूटी हैक्स, जो आपके चेहरे की जरूरत के हिसाब से आपकी हर ब्यूटी प्रॉब्लम को दूर करते हैं।



## टमाटर से जुड़े मैजिकल ब्यूटी हैक्स

### त्वचा का निखार बढ़ाने के लिए

इस करवाचौथ अगर आप चेहरे को एक अलग निखार देना चाहते हैं तो 1 चम्मच टमाटर के रस में कच्ची हल्दी मिलाकर एक पतला पेस्ट तैयार कर लें। अब इस पेस्ट को 10 मिनट चेहरे पर लगाकर छोड़ दें। तय समय बाद चेहरा धो लें।

### कोमल त्वचा के लिए

त्वचा की ड्राईनेस दूर करके उसे सॉफ्ट बनाने के लिए आप टमाटर का ये ब्यूटी हैक ट्राई कर सकते हैं। इस ब्यूटी टिप में आपको दूध में भिगोए हुए 5-6 बादाम लेकर अच्छी तरह कूटते हुए उनका गाढ़ा पेस्ट तैयार करना है। अब इस पेस्ट में कद्दूकस किया हुआ टमाटर का रस मिलाकर चेहरे पर 20 मिनट लगाकर छोड़ दें। तय समय बाद चेहरा धो लें।

### हाइड्रेटिंग फेस मास्क

टमाटर से हाइड्रेटिंग फेस मास्क तैयार करने के लिए 1 चम्मच टमाटर का रस लेकर उसमें जैतून का तेल मिलाकर मॉइस्चराइजर की तरह यूज करें। बेहतर रिजल्ट के लिए इसे अपनी त्वचा पर रात भर लगा रहने दें और सुबह चेहरा धो लें।

### पिगमेंटेशन और काले धब्बे दूर करने के लिए

चेहरे पर नजर आने वाले पिगमेंटेशन और काले धब्बों के निशान दूर करने के लिए एक केले को मैश करके उसमें थोड़ा सा टमाटर का गूदा मिलाकर उसे अपने चेहरे और गर्दन पर 15 मिनट के लिए लगा ले। तय समय बाद चेहरा पानी से धो लें।

### त्वचा के छिद्रों को टाइट के लिए

टमाटर त्वचा के छिद्रों को कसने में मदद करता है. टमाटर में मौजूद विटामिन-ए, विटामिन-बी, विटामिन-सी, पोटैशियम, और एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे गुण त्वचा को टाइट और ग्लोइंग बनाते हैं। इस उपाय को करने के लिए एक टमाटर को काटकर उस पर थोड़ा सा शहद लगाकर चेहरे पर स्क्रब करें। ऐसा 10 मिनट तक करें और फिर चेहरे को धो लें।

New Delhi

# महाराष्ट्र और झारखंड में आज चुनाव का ऐलान, 50 सीटों पर उपचुनाव भी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव की तारीखों का आज ऐलान होगा। निर्वाचन आयोग की ओर से यह जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि ECI मंगलवार दोपहर 3:30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगा। इस दौरान 50 सीटों पर उपचुनाव की तारीखें भी घोषित होंगी। बता दें कि महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर 2024 को खत्म हो रहा है। झारखंड विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी 2025 को खत्म होगा। महाराष्ट्र में पिछले 2 विधानसभा चुनावों में एक ही चरण में मतदान हुआ है। ऐसा हो सकता है कि इस बार भी सिंगल फेज में वोटिंग कराई जाए। वहीं, झारखंड में 5 चरणों में मतदान का ट्रेंड रहा है। माना जा



रहा है कि 2024 में इसे बरकरार रखा जाएगा।

अगर महाराष्ट्र की बात करें तो साल 2014 में यहां की सभी 288 सीटों पर 15 अक्टूबर को वोट डाले गए थे। साल 2019 में 30 नवंबर को एक फेज में वोटिंग हुई थी। वहीं, झारखंड में 2014 में 25 नवंबर, 2 दिसंबर, 9 दिसंबर, 14 दिसंबर और 20 दिसंबर को मतदान हुआ था। साल 2019 में 30 नवंबर, 7 दिसंबर, 12 दिसंबर, 16 दिसंबर और 20 दिसंबर को वोट पड़े थे। मालूम हो कि महाराष्ट्र में इस समय महायुति गठबंधन की सरकार है जिसमें शिवसेना, भाजपा और NCP अजित पवार गुट शामिल हैं। झारखंड पर नजर डालें तो वहां महागठबंधन यानी झारखंड मुक्ति मोर्चा (JMM) के नेतृत्व वाली सरकार है। इसमें कांग्रेस, राजद और वाम दल भी शामिल हैं।

Chhattisgarh

## छत्तीसगढ़ में हेड कांस्टेबल की पत्नी-बेटी की हत्या के बाद आगजनी तनाव, SDM पर भी हमला



**रायपुर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में एक बदमाश ने स्थानीय बाजार में हुए एक हेड कांस्टेबल से हुए विवाद के बाद उसकी पत्नी और उसकी नाबालिग बेटी का अपहरण कर लिया और उनकी बेरहमी से हत्या कर दी। इस वारदात के विरोध में गुस्साए स्थानीय लोग सड़कों पर उतर आए और शहर बंद का ऐलान कर दिया। उग्र भीड़ ने आगजनी की और प्रदर्शन किया। भीड़ ने आरोपी कुलदीप साहू के घर के बाहर वाहनों को आग लगा दी और मौके पर पहुंचे एसडीएम पर भी हमला कर दिया। SDM ने किसी प्रकार जान बचा कर पास के थाने में शरण ली।

सूरजपुर के पुलिस अधीक्षक एमआर अहिरे ने बताया कि रविवार शाम साहू ने एक कांस्टेबल घनश्याम सोनवानी पर बाजार क्षेत्र में बहस के बाद खौलता हुआ तेल फेंककर हमला किया। आरोपी ने भागते समय पुलिस टीम को कुचलने का प्रयास किया। आरोपी की तलाश के लिए सात टीमें बनाई गई हैं। सोनवानी को चोटें आई हैं। वह अब अस्पताल में है। इसके बाद, वह दुर्गा जुलूस के दौरान ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल तालिब शेख के घर गया और उसकी नाबालिग बेटी और उसकी पत्नी की हत्या कर दी।

इस घटना को लेकर इलाके में तनाव फैल गया। आक्रोशित भीड़ ने आरोपी और कांग्रेस से जुड़े छात्र संगठन एनएसयूआई के जिला सचिव कुलदीप साहू के घर आग लगा दी।

Uttarpradesh

## रेप के झूठे केस में फंसा युवक, मां ने घर बेचकर दी वकील की फीस, 11 महीने बाद हुआ बरी

**कानपुर, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के कानपुर से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. जहां 11 महीने से रेप के झूठे केस में बंद गोविंद निषाद नाम का युवक बाहर आ गया. 28 अक्टूबर 2023 को गोविंद पर एक युवती ने दुष्कर्म का आरोप लगाया था. आरोप था कि गोविंद ने चाकू दिखाकर लड़की के साथ गलत काम किया था. पीड़िता की शिकायत के आधार पर 29 अक्टूबर को एफआईआर दर्ज हुई और 30 अक्टूबर को पुलिस ने गोविंद को गिरफ्तार कर लिया. पीड़िता ने मजिस्ट्रेट के सामने बयान दिया था कि उसके साथ रेप हुआ है. पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दी और मामला पॉक्सो एक्ट के तहत आगे बढ़ाया गया. लेकिन 11 महीने बाद कोर्ट ने गोविंद को बरी कर दिया, क्योंकि मेडिकल रिपोर्ट में रेप के कोई प्रमाण नहीं मिले थे. वहीं, अब पीड़िता ने भी अदालत में यह स्वीकार किया कि उसने झूठे आरोप लगाए थे. लड़की ने कहा कि गोविंद ने उसे कोई नुकसान नहीं पहुंचाया था, बल्कि उसने अपने भाई की रंजिश के चलते यह झूठ बोला था. लड़की के भाई ने गोविंद की बहन से लव मैरिज की थी, जिससे नाराज होकर गोविंद ने उसके भाई को मारा था, जिसके बाद उसका भाई जेल गया था.

New Delhi

## लापरवाही से गाड़ी चलाने पर टोका तो बदमाशों ने दो भाइयों पर चाकू से किया हमला, एक की मौत

**दिल्ली, (एजेंसी)** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के हर्ष विहार इलाके में बाइक सवार तीन लोगों ने कथित तौर पर 22 वर्षीय एक व्यक्ति को चाकू मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गई. जबकि उसका भाई घायल हो गया. इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को दी. पुलिस ने बताया कि मामले में विकास (22) नामक एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और अपराध में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई है. मृतक की पहचान प्रताप नगर निवासी अंकुर के रूप में हुई है. शनिवार को अंकुर अपने भाई हिमांशु के साथ दशहरा मेले से लौट रहा था, तभी यह घटना हुई. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुरुआती जांच के अनुसार सबोली रोड पर अंकुर और हिमांशु ने बाइक पर सवार तीन लोगों को सावधानी से गाड़ी चलाने की सलाह दी. इसको लेकर तीनों ने गाड़ी रोक दी और अंकुर व हिमांशु की पिटाई शुरू कर दी. अधिकारी ने बताया कि इसके बाद एक आरोपी ने चाकू निकाला और दोनों भाइयों पर वार कर दिया. हिमांशु की गर्दन और जांघ पर चाकू के घाव हो गए, जिसके बाद वह अंकुर को ई-रिक्शा से नजदीकी अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

खेल

# पाकिस्तान की हार के साथ भारत का टी20 विश्व कप में सफर समाप्त, न्यूजीलैंड सेमीफाइनल में

**दुबई, (एजेंसी)** न्यूजीलैंड ने महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मुकाबले में पाकिस्तान को 54 रनों से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस तरह पाकिस्तान के साथ ही भारत का सफर भी इस टूर्नामेंट में ग्रुप चरण में ही समाप्त हो गया। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में छह विकेट पर 110 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की पूरी टीम 11.4 ओवर में 56 रन पर सिमट गई। भारत और न्यूजीलैंड की तरह पाकिस्तान भी अगले दौर में जगह बनाने की दौड़ में शामिल थी। पाकिस्तान की टीम अगर 111 रनों का लक्ष्य 10.4 ओवर में हासिल कर लेती तो सेमीफाइनल में जगह बना सकती थी, लेकिन टीम मैच ही गंवा बैठी।

**2016 के बाद पहली बार सेमीफाइनल में पहुंची न्यूजीलैंड की टीम-** भारत के लिए यह मुकाबला काफी अहम था। पाकिस्तान की जीत




भारत को सेमीफाइनल में पहुंचा सकती थी। ग्रुप ए से ऑस्ट्रेलिया सभी चार मैच जीतकर पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी थी, जबकि दूसरे स्थान के लिए न्यूजीलैंड, भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला था। भारत के दो मैचों में दो जीत और दो हार के साथ चार अंक थे और इस मैच से पहले उसका नेट रन रेट न्यूजीलैंड से बेहतर था। अगर न्यूजीलैंड यह मैच हार जाता तो पाकिस्तान और भारत के साथ उसके भी चार अंक होते और दूसरे सेमीफाइनलिस्ट का फैसला नेट रन रेट के आधार पर होता। बेहतर नेट रन रेट होने के कारण भारत अंतिम चार में प्रवेश कर लेता। हालांकि, न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को हराया जिससे उसके चार मैचों में तीन जीत और एक हार के साथ छह अंक हुए और वह अंतिम चार में प्रवेश कर गया। 2016 के बाद पहली बार है जब न्यूजीलैंड की टीम ने टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई है।

**पाकिस्तान की खराब बल्लेबाजी-** न्यूजीलैंड के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने खराब शुरुआत की और उसने पावरप्ले में ही पांच विकेट गंवा दिए। पाकिस्तान ने शुरुआती छह ओवर में 28 रन पर पांच विकेट गंवाए। पाकिस्तान ने आलिया रियाज (0) के रूप में सबसे पहला विकेट गंवाया। इसके बाद मनीबा अली (15), सादफ शमास (2) और इराम जावेद (3) और सिदरा अमीन (0) भी सस्ते में पवेलियन लौट गईं। पाकिस्तान की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए किसी भी समय अच्छी स्थिति में नहीं रही और नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही। पाकिस्तान के लिए कप्तान फातिमा सना ने 23 गेंदों पर सर्वाधिक 21 रन बनाए। उसके सिर्फ दो ही बल्लेबाज दहाई अंक तक पहुंच सके, जबकि पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। न्यूजीलैंड के लिए अमेलिया केर ने तीन विकेट और ईडेन कार्सन ने दो विकेट झटके, जबकि रोजमैरी मायेर, लिया ताहूहु और फ्रान जोनस ने एक-एक विकेट लिए।

सिनेमा

## एक्टर-कॉमेडियन अतुल परचुरे का निधन, लंबे समय से कैंसर से थे पीड़ित, कपिल शर्मा संग कर चुके काम



फिल्म इंडस्ट्री से एक शॉकिंग खबर आ रही हैं. दिग्गज मराठी एक्टर-कॉमेडियन अतुल परचुरे का निधन हो गया है. उन्होंने 57 की उम्र में आखिरी सांस ली. मराठी के साथ-साथ हिंदी फिल्मों और टीवी सीरियल्स में काम करने वाले अतुल परचुरे लंबे समय से कैंसर से जूझ रहे थे. हालांकि कैंसर पर काबू पाने के बाद उन्होंने फिर से जोश के साथ काम करना शुरू किया था और कई मराठी शोज में अपनी भूमिकाओं से दर्शकों के दिलों पर राज किया. लेकिन उनकी सेहत लगातार गिरती जा रही थी. वो कैंसर के बाद होने वाली शारीरिक समस्याओं और कमजोरी से जूझ रहे थे. खबरों की मानें तो उन्हें फिर से कैंसर की बीमारी ने घेर लिया था. अतुल अपने पीछे मां, पत्नी और बेटी को छोड़ गए हैं. उनके अचानक इस दुनिया को अलविदा कर चले जाने से परिवार गमगीन है और फैंस के बीच मातम छा गया है. अतुल परचुरे के जाने से मराठी के साथ-साथ हिंदी फिल्म और टीवी इंडस्ट्री को भी एक गहरा झटका लगा है. वो कपिल शर्मा के साथ कॉमेडी नाइट्स शो पर भी अपनी कॉमेडी का तड़का लगा चुके हैं. इसके अलावा वो कॉमेडी सर्कस, यम हैं हम, आरके लक्ष्मण की दुनिया जैसे कई हिट सीरियल्स कर चुके हैं.

## Highlights

1. **Assam University professor, wife file cases against each other**
2. **BJP expels lawyer who slapped own party's MLA over 'indiscipline'**
3. **Felt as if crackers exploded on my feet: Man hit by bullet during Baba Siddique firing**
4. **India specifically targeting pro-Khalistani elements in Canada: Canadian Police**
5. **Munawar Faruqui threatened by Lawrence Bishnoi gang, gets security**

# Nvidia could be world's most valuable company soon, unseating Apple


**NEW DEIHI, (Agency).** Shares of Nvidia closed at their highest ever with which the heavyweight AI chipmaker is on the brink of dethroning Apple as the world's most valuable company. This comes as investors are betting on Nvidia's current and next-generation AI processors owing to which the Jensen Huang-led company's stock climbed 2.4% to reach $138.07.

Has Nvidia become world's most valuable company before?

Yes, in June, Nvidia briefly became the world's most valuable company. It was overtaken by Microsoft as the market capitalizations of both the companies have been neck-and-neck for several months.

Where does the market value of Nvidia, Apple and Microsoft stand?

Nvidia's market value is at $3.39 trillion, just below Apple's $3.52 trillion value and above Microsoft's $3.12 trillion.




Nvidia, Apple and Microsoft account for about a fifth of the S&P 500's weight, giving them a hefty influence in the index's day-to-day gains and losses.

Why are Nvidia shares rising?

Nvidia has been Wall Street's biggest winner from a race between Alphabet, Microsoft, Amazon and other major tech companies to dominate emerging AI technology. TD Cowen analysts wrote in a report, "We believe the major companies in AI ... face an investment environment characterized by a Prisoner's Dilemma — each is individually incentivized to continue spending, as the costs of not doing so are (potentially) devastating."

Nvidia in August confirmed reports that a ramp-up in production of its upcoming Blackwell chips was delayed until the fourth quarter although the company downplayed the impact saying that customers were snapping up existing chips.

# Oil prices fall 3% as concerns ease on potential Iran supply disruption

**NEW DEIHI, (Agency).** Oil prices slid 3% in early Asian trade on Tuesday after a media report said Israel is willing not to strike Iranian oil targets, which eased fears of a supply disruption, and after OPEC lowered its outlook for global oil demand growth in 2024 and 2025.

Both benchmarks plunged 3% in early trade on Tuesday, following a 2% drop on Monday. Brent crude futures were down $2.27 at $75.19 per barrel, while U.S. West Texas Intermediate futures fell $2.22 to $71.60 per barrel as of 0127 GMT.



Prices have fallen about $4 this week, nearly wiping out cumulative gains made in the seven sessions up to last Friday when investors were concerned about supply risks as Israel planned to retaliate against a missile attack from Iran.

Israeli Prime Minister Benjamin Netanyahu has told the U.S. that Israel is willing to strike Iranian military targets and not nuclear or oil ones, the Washington Post reported on Monday.

OPEC on Monday cut its forecast for global oil demand growth in 2024 and also lowered its projection for next year.

"This is the third straight monthly downgrade, suggesting its previously optimistic forecasts have further to retreat," analysts at ANZ Research said in a note on Tuesday.

# सड़क हादसे में छात्र की मौत दोस्त गंभीर रूप से घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** तेजाजी नगर इलाके में सोमवार देर रात सडक़ हादसे में कॉलेज स्टूडेंट की मौत हो गई। हादसे में उसकी दोस्त गंभीर रूप से घायल है, जिसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। रात में दोनों बाइपास पर घूमने निकले थे। मृतक बी.कॉम का छात्र है। वहीं उसकी दोस्त लॉ की स्टूडेंट है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना सेज यूनिवर्सिटी के पास की है। रात करीब 12 बजे के लगभग यहां पर अंशुल (20) पिता विजय वासकले, निवासी इंडस्ट्री हाउस और उसकी दोस्त एक्टिवा गाड़ी पर घूमने निकले थे। सेज यूनिवर्सिटी के पास एक ट्रक ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। हादसे में अंशुल की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल युवती को रात में उपचार के लिए निजी अस्पताल भेजा गया है।

दोस्तों ने जानकारी में बताया कि रात में युवती दोस्त अंशुल से मिलने एलआईजी इलाके में पहुंची थी। रात में दोनों घूमने जाने का कहकर युवती की एक्टिवा से निकले थे। इसके बाद वह बाइपास पहुंच गए। रात में पुलिस ने दोस्तों को एक्सीडेंट की जानकारी दी। जिसके बाद दोस्त एमवाय पहुंचे।

अंशुल मूल रूप से ठीकरी का रहने वाला है। यहां पर रेनेसा कॉलेज से बीकॉम की पढ़ाई कर रहा है। उसके पिता ठीकरी में एसडीएम आफिस में कार्यरत हैं। मां गृहिणी है।

## शराब के लिए दुकानदार पर किया हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शराब के रुपयों के लिए दुकानदार पर बदमाशों ने हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। बदमाशों ने शराब के पैसों की मांग की,दुकानदार ने इनकार किया तो दुकान में तोडफोड़ कर डाली। घटना द्वारकापुरी इलाके की है। राकेश राठौर की शिकायत पर पुलिस ने मयंक उर्फ मंकू, दीपक उर्फ दीपू और नौनी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। राकेश ने पुलिस को बताया कि द्वारकापुरी में उसकी दुकान है,वहीं पर आरोपी उसके पास आए और शराब पीने के लिए 2500 मांगने लगे। उसने कहा कि पैसे नहीं है इसी बात को लेकर आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए दुकान में तोडफोड़ कर राकेश की दुकान में भी तोडफोड़ कर डाली।

## मंदिर में महिला से छेड़छाड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एमआईजी इलाके में एक मंदिर में पूजन करने गई महिला के साथ छेड़छाड़ की घटना हो गई। महिला को यहां पहले से बैठे एक युवक ने पीछे से पकड़ लिया। जब महिला ने शोर मचाया तो अन्य लोग आ गए। बाद में हिंदू संगठन के कार्यकर्ता भी इकट्ठा हो गए। युवक को पकडक़र थाने ले गए। वह पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार देर पाटनीपुरा के एक शिव मंदिर में 52 साल की महिला दर्शन करने गई थी। यहां पर वह भगवान के सामने दीपक लगा रही थी। उसी समय पीछे से आकर एक युवक ने उन्हें पकड़ लिया। युवक उन्हें बुरी तरह से जकडऩे लगा। इसके बाद कपड़े खींचने लगा। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। युवक को पकडक़र उसकी पिटाई कर दी गई। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम आसिर पिता याशिर अली, निवासी शीतलपुर, मालदा चांचल, पश्चिम बंगाल सामने आया है। उस पर छेड़छाड़ को लेकर कार्रवाई की गई है। रात में घटना की जानकारी मिलने के बाद हिंदू संगठन के कार्यकर्ता इकट्ठा हो गए थे। उन्होंने थाने पर हंगामा किया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक